पंचायती राज विभाग में 15610 पदों पर होगी बहाली

- 4351 पदों पर स्थायी नियुक्ति और 11259 पदों पर संविदा पर की जायेगी नियुक्ति

संवाददाता, पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 10 लाख नौकरी देने की घोषणा को पूरा करने में पंचायती राज विभाग ने भी तत्परता दिखायी है. पंचायती राज विभाग ने विभिन्न स्तर के रिक्त 15610 पदों पर इस वित्तीय वर्ष में नियुक्ति करने की तैयारी कर ली है. पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि विभाग को जल्द नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया है. उन्होंने बताया कि 4351 पदों पर स्थायी नियुक्ति की जा रही है और 11259 पदों पर संविदा पर नियुक्ति की जायेगी.

पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता शुक्रवार को विभागीय कार्यों की जानकारी प्रेस के साथ साझा कर रहे थे. उन्होंने बताया कि जिन स्थायी पदों पर नियुक्ति करने का निर्देश दिया गया है, उसमें पंचायती राज अधिकारी के 112 पद, अंकेक्षक के 28 पद, पंचायत सचिव के 3525 पद, निम्न वर्गीय लिपिक (क्षेत्रीय स्थापना) के 504 पद, निम्न वर्गीय लिपिक (मुख्यालय स्थापना) के एक पद, कार्यालय



परिचारी के पांच पद, जिला परिषद कनीय अभियंता के 104 पद और जिला परिषद में निम्न वर्गीय लिपिक के 72 पद शामिल हैं. 11259 संविदा आधारित पदों पर नियुक्ति होगी, उसमें लेखापाल सह आइटी सहायक के 7070 पद, तकनीकी सहायक के 556 पद, कार्यपालक सहायक सह डाटा इंट्री ऑपरेटर के तीन पद, ग्राम कचहरी सचिव के 1400 पद और ग्राम कचहरी न्याय मित्र के 2230 पद शामिल हैं. प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों और अंकेक्षकों की नियुक्ति बीपीएससी और पंचायत सचिव, निम्नवर्गीय लिपिक और कार्यपालक परिचारी की नियुक्ति बिहार कर्मचारी चयन आयोग करेगा.

श्रम विभाग में भी चार हजार होगी नियुक्ति

पटना. राज्य के श्रम मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि उनके विभाग में चार हजार से अधिक पद सृजित किये गये हैं. इन पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू होगी. इसके अतिरिक्त और भी पदों की तलाशी की जा रही है, जिस पर नियुक्ति हो सके. श्रम मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का दस लाख नौकरियां देने का वादा पूरा होगा.